## भाग–अ

## SECTION-A

**1.** उस समजातीय श्रेणी के पहले दो सदस्यों के अणु–सूत्र लिखिए जिसका प्रकार्यात्मक समूह –Br है। 1

Write the molecular formula of first two members of homologous series having functional group –Br.

**2.** *प्लैनेरिया* किस प्रकार जनन करती है ? यह विधि लैंगिक है अथवा अलैंगिक ? 1

How does *Planaria* reproduce. Is this method sexual or asexual ?

**3.** वन को प्राकृतिक पारितंत्र क्यों माना जाता है ? 1

Why is forest considered a natural ecosystem ?

**4.** कोई बिम्ब 40 cm वक्रता त्रिज्या के उत्तल दर्पण के सामने 40 cm दूरी पर स्थित है। दर्पण द्वारा बने प्रतिबिम्ब के चार अभिलक्षणों की सूची बनाइए। 2

An object is placed at a distance of 40 cm in front of a convex mirror of radius of curvature 40 cm. List four characteristics of the image formed by the mirror.

**5.** प्राकृतिक संसाधनों के संपोषित प्रबन्धन की आवश्यकता क्यों है ? पुनःचक्रण की तुलना में पुनःउपयोग क्यों अच्छा है ? 2


Why is sustainable management of natural resources necessary ? Why is reuse better as compared to recycle ?

| प्रश्न संख्या | प्रस्तावित उत्तर / मूल्यांकन बिंदु | अंक | योग |
|---|---|---|---|
| | **भाग - अ** | | |
| 1. | $CH_3Br$ ; $C_2H_5Br$ | ½ , ½ | 1 |
| 2. | खंडन ; अलैंगिक | ½ , ½ | 1 |
| 3. | क्योंकि वन स्वपोषित निकाय होते हैं। | 1 | 1 |
| 4. | आभासी, सीधा, आकार में छोटा, पार्श्व परिवर्तित | 4x½ | 2 |
| 5. | चूँकि प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं और यदि इन संसाधनों का अल्पकालिक लाभ के लिए अति दोहन किया जाता है तो भावी पीढ़ियों को इन संसाधनों की अत्यधिक कमी का सामना करना पड़ सकता है। | 1 | |
| | पुनः उपयोग में ऊर्जा उपयुक्त नहीं होती | 1 | 2 |
| 6. | स्थानीय लोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए वनों के उत्पादों पर निर्भर करते हैं। अत: वे ऐसे उपायों को विकसित कर लेते हैं जिनके द्वारा संसाधनों का उपयोग एवं संपोषणीय प्रबंधन सुनिश्चित हो। | 1 | 1 |
| 7. | i) $CH_3COOC_2H_5 + NaOH \rightarrow CH_3COONa + C_2H_5OH$ | 1 | |
| | ii) $CH_3COOH + NaOH \rightarrow CH_3COONa + H_2O$ | 1 | |
| | iii) $C_2H_5OH + CH_3COOH \xrightarrow{\text{सांद्र } H_2SO_4} CH_3COOC_2H_5 + H_2O$ | 1 | 3 |
| 8. | • $C_3H_6$ / X | 1+1 | |
| | • यह असंतृप्त यौगिक है / इसमें एक द्विआबंध है। | | |
| | • $C_3H_6 + H_2 \xrightarrow{Ni / Pd} C_3H_8$ | | |
| 9. | P का इलेक्ट्रॉन विन्यास - 2, 8, 8, 2 | ½ | |
| | Q का इलेक्ट्रॉन विन्यास - 2, 8, 7 | ½ | |
| | P की स्थिति - समूह 2, आवर्त 4 | ½ | |
| | Q की स्थिति - समूह 7, आवर्त 3 | ½ | |
| | $PQ_2$ ; [संयोजकताएँ P-2 ; Q-1] | ½, ½ | 3 |

| प्रश्न संख्या | प्रस्तावित उत्तर / मूल्यांकन बिंदु | अंक | योग |
|---|---|---|---|
| 10. | • ऊर्ध्वाधर स्तंभ – समूह<br>• क्षैतिज पंक्तियाँ – आवर्त<br>• धात्विक लक्षणों में वृद्धि होती है।<br><br>कारण : किसी समूह में ऊपर से नीचे जाने पर नाभिक और संयोजकता इलेक्ट्रॉनों के बीच की दूरी बढ़ जाती है / नाभिक और संयोजकता इलेक्ट्रॉनों के बीच आकर्षण घट जाता है, अत: तत्वों के इलेक्ट्रॉन त्यागने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है।<br>परमाणु त्रिज्या घट जाती है।<br>कारण : किसी आवर्त में बाईं से दाईं ओर जाने पर नाभिक के आवेश में वृद्धि होने के कारण वह संयोजकता इलेक्ट्रानों को अधिक बल से आकर्षित करता है। | ½<br>½<br>½<br><br>½<br>½<br>½ | 3 |
| 11. | मानव नर – xy लैंगिक गुणसूत्रों सहित 23 जोड़े गुणसूत्र<br>मानव मादा – xx लैंगिक गुणसूत्रों सहित 23 जोड़े गुणसूत्र<br>युग्मकों के निर्माण के समय गुणसूत्रों की संख्या (DNA की मात्रा) अपनी मूल संख्या की आधी हो जाती है। जब युग्मकों का संलयन होता है, तो संतति में गुणसूत्रों की संख्या (DNA की मात्रा) अपनी मूल संख्या पर पुन: स्थापित हो जाती है। | 1<br>1<br><br>1 | 3 |
| 12. | a) भ्रूण के गर्भाशय में स्थापित होने के पश्चात इसकी आंतरिक पर्त (भित्ति) मोटी होती जाती है तथा भ्रूण के पोषण हेतु रुधिर का प्रवाह भी बढ़ जाता है। भ्रूण को माँ के रुधिर से पोषण प्राप्त करने के लिए एक विशेष संरचना (प्लैसेंटा) गर्भाशय की भित्ति में विकसित हो जाती है।<br>b) गर्भाशय की मांसल और स्पांजी अंत:भित्ति की पर्त धीरे-धीरे टूटकर योनि मार्ग से रुधिर और म्यूकस के रूप में निष्कासित होती है। | 1½<br><br>1½ | 3 |
| 13. | • प्रत्येक टुकड़ा विकसित होकर पूर्ण (नए) प्लेनेरिया का निर्माण कर लेता है।<br>• पत्तियों की कोर की कलिकाएँ मृदा में गिरकर नए पौधे में विकसित हो जाती हैं।<br>• बीजाणुधानी बीजाणु मुक्त करती है, जो आर्द्र अवस्था में होकर राइजोपस के नए जीव उत्पन्न करते हैं। | 1<br>1<br>1 | 3 |

| प्रश्न संख्या | प्रस्तावित उत्तर / मूल्यांकन बिंदु | अंक | योग |
|---|---|---|---|
| 14. | • किसी समष्टि में कुछ जीनों की आवृत्ति में परिवर्तन जो उस स्पीशीज की उत्तरजीविका में सहायक हो, प्राकृतिक चयन (वरण) कहलाता है।<br>• जबकि जाति उद्भवन पूर्व अस्तित्व वाली स्पीशीज से नई स्पीशीज का विकसित होना है।<br>• किसी आदि जीव में धीरे-धीरे होने वाले क्रमिक परिवर्तनों के कारण लाखों वर्षों में नए स्पीशीज़ बनते हैं जो पुराने स्पीशीज से अत्यधिक भिन्न होते हैं और इसी को जैव विकास कहते हैं। | | |
| 15. | **उपार्जित लक्षण**<br>• जीवनपर्यंत विकसित होते हैं।<br>• जनन कोशिकाओं के DNA में कोई परिवर्तन नहीं करते।<br>• अत: भावी पीढ़ी (अगली संतति) में वंशानुगत नहीं होते।<br>उदाहरण : ज्ञान अर्जन /भार में कमी<br><br>**आनुवंशिक लक्षण**<br>• माता-पिता से वंशानुगत होते हैं।<br>• जनन कोशिकाओं के DNA में होने वाले परिवर्तन के कारण उत्पन्न होते हैं।<br>• अत: अगली संतति /पीढ़ी में वंशानुगत हो सकते हैं।<br>उदाहरण : चमड़ी का वर्ण, नेत्रों का वर्ण (अथवा अन्य कोई) | 1 x 2<br><br>1 | <br><br>3 |
| 16. | $h_1 = +3$ cm ; $f = -12$ cm; $u = -18$ cm; $v = ?$ $h_2 = ?$ | ½+½ | |
| | $\frac{1}{f} = \frac{1}{v} + \frac{1}{u}$ | | |
| | $\Rightarrow \frac{1}{v} = \frac{1}{f} - \frac{1}{u} \quad = \frac{1}{-12\text{cm}} - \frac{1}{-18\text{cm}}$ | | |
| | $\therefore\ v = -36\text{cm}$ | 1 | |
| | $m = \frac{h_2}{h_1} = -\frac{v}{u}$ | ½ | |
| | $\therefore\ h_2 = -h_1 \times \frac{v}{u} \quad = -3\text{cm} \times \frac{-36\text{cm}}{-18\text{cm}} = -6$ cm. | ½ | 3 |

Vidya Champ

| प्रश्न संख्या | प्रस्तावित उत्तर / मूल्यांकन बिंदु | अंक | योग |
|---|---|---|---|
| 17. | a) लेंस पतला हो जाता है। | | |
| | वक्रता त्रिज्या बढ़ जाती है। | ½ | |
| | फोकस दूरी बढ़ जाती है। | ½ | |
| | b) लेंस मोटा हो जाता है। | | |
| | वक्रता त्रिज्या घट जाती है। | ½ | |
| | फोकस दूरी घट जाती है। | ½ | |
| | • मानव नेत्र के लेंस की फोकस दूरी किसी निश्चित सीमा से कम नहीं हो सकती। | 1 | 3 |
| | (नोट : प्रश्न पत्र के अंग्रेजी भाग में वक्रता त्रिज्या के स्थान पर वक्रता लिखा गया है। अतः अंग्रेजी में उत्तर देने वालों के लिए : | | |
| | a) वक्रता घटती है ; फोकस दूरी बढ़ जाती है। | | |
| | b) वक्रता बढ़ती है ; फोकस दूरी घट् जाती है।) | | |
| 18. | a) क्योंकि ओज़ोन परत सूर्य से आने वाले हानिकर पराबैंगनी विकिरणों से हमारी सुरक्षा करती है। | 1 | |
| | b) • पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित करना जिनमें ओज़ोन परत के क्षयित होने के प्रभावों पर प्रकाश डाला गया हो। | 1 | |
| | • नुक्कड़ नाटकों का आयोजन जिनमें पर्यावरणीय सुरक्षा के उपायों पर प्रकाश डाला गया हो। | 1 | 3 |
| 19. a) |   | | |
| | आरेख | 1 | |
| | किरणों की दिशा | ½ | |
| | विचलन कोण (D) दर्शाना | ½ | |

Vidya Champ

